आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 18.06.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में अब तक दो लाख से अधिक विवाह, यूसीसी के अंतर्गत पंजीकृत। आगामी 26 जुलाई तक विवाह पंजीकरण शुल्क पूरी तरह निःशुल्क किया गया।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।
- चारधाम तीर्थयत्रियों और सैलानियों के लिए जिला सहकारी बैंक उपलब्ध करा रहा मोबाइल एटीम वैन की सुविधा।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में उत्तराखंड नागरिक उड्डयन की समीक्षा बैठक की गई।

**यूसीसी**

समान नागरिक संहिता– यूसीसी के तहत उत्तराखंड एक ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बन रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विवाह पंजीकरण अब अधिक सरल और पारदर्शी बन चुका है। आर्थिक कारणों से कोई भी नागरिक अपने अधिकार से वंचित न हो, इसके लिए आगामी 26 जुलाई तक विवाह पंजीकरण शुल्क पूरी तरह निःशुल्क किया गया है। अब तक दो लाख से अधिक विवाह, यूसीसी के अंतर्गत पंजीकृत हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से अपने विवाह का ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाने का आग्रह किया है।

**राश्ट्रपति निकेतन**

देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन आम जनता के लिए 24 जून से खोल दिया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 20 जून को सार्वजनिक पार्क की आधारशिला रखेंगी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राष्ट्रपति निकेतन में चल रहे सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान राज्यपाल ने निर्माण एजेंसियों और अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में चल रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। गौरतलब है कि 132 एकड़ भूमि में विकसित किए जा रहे इस अत्याधुनिक सार्वजनिक पार्क की आधारशिला राष्ट्रपति की ओर से रखी जाएगी। यह पार्क एक वर्ष की अवधि में पूरा कर जनता को समर्पित किया जाएगा। 21 एकड़ में फैले राष्ट्रपति निकेतन को पहले राष्ट्रपति आशियाना के नाम से जाना जाता था। इस विरासत भवन में कलाकृ तियों के संग्रह के साथ ही आगंतुकों को लिलि तालाब, रॉकरी तालाब, रोज गार्डन आदि देखने को मिलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति तपोवन को भी आम लोगों के लिए समर्पित किया जाएगा। 19 एकड़ में फैले तपोवन में देशी वृक्षों की कैनोपी, घुमावदार पगडंडियां, लकड़ी के पुल और चिंतन व ध्यान के लिए शांत स्थान मौजूद हैं।

**आयुश्मान भारत**

भारत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि अब तक 77 करोड़ देशवासियों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पहचान पत्र बन चुका है।

**हादसा**

रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी में पांच यात्री खाई में गिर गए। हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि अन्य घायलों का रेस्क्यू किया जा रहा है। उधर, चमोली जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाखी के पास एक ट्रक के सड़क पर पलटने से चालक को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे नजदीकी अस्पताल पीपलकोटी में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि सिलेंडर से भरा ट्रक चमोली से जोशीमठ की तरफ जा रहा था।

**सहकारी बैंक एटीएम**

प्रदेश में चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं को हजारों फीट की ऊंचाई पर पैसों की दिक्कत न हो, इसके लिए उत्तराखंड सहकारिता विभाग की ओर से चलती फिरती एटीएम वैन की व्यवस्था की गई है। ये मोबाइल एटीएम वाहन चारधाम मार्गों पर, खासकर जिन इलाकों में भीड़ है, वहां पहुंच रही हैं और इन चलते फिरते एटीएम से तीर्थयात्री पैसे निकाल पा रहे हैं। उत्तराखंड जिला सहकारी बैंक नाबार्ड की तरफ से लगायी गयी इन एटीएम वैन के माध्यम से यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की काफी हद तक सहायता हो पा रही है। तीर्थयात्री भी इस पहल की व्यापक रूप से प्रशंसा कर रहे हैं। केदारनाथ घाटी के फाटा, रुद्रप्रयाग और गुप्तकाशी जैसी जगह पर ये वैन घूम रही हैं। वहीं बदरीनाथ मंदिर के आसपास भी ये वैन खड़ी है। हेमकुंड साहिब आने वाले श्रद्धालु और जोशीमठ और माणा गांव में सेना के जवान नगदी सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इसी तरह से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी ये सुविधा उपलब्ध है। सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड में देशभर के विभिन्न राज्यों के तीर्थ यात्री तीर्थाटन और सैलानी घूमने के लिए आते हैं। ऐसे में सचल बैंक एटीएम के जरिए वे कहीं भी 24 घंटे दुर्गम से दुर्गम चारधाम यात्रा क्षेत्र में नगदी सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल की चार धाम यात्रा में भी मोबाइल एटीएम से यह सुविधा रुद्रप्रयाग, चमोली, गंगोत्री और यमुनोत्री में उपलब्ध कराई गई थी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष श्रद्धालुओं द्वारा इस सुविधा का अच्छा फीडबैक मिला था। इस वर्ष भी सरकार की ओर से प्रथम गांव माणा से लेकर सोनप्रयाग, गंगोत्री और यमुनोत्री में यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**मुख्य सचिव बैठक**

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने देहरादून और ऊधमसिंहनगर के जिलाधिकारियों को एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। सचिवालय में उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश में हवाई सेवाओं के संचालन की वर्तमान स्थिति, हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार से संबंधित एयरपोर्ट, हवाई पट्टी निर्माण और इसके विस्तार की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी को भी एयरपोर्ट का नियमित ऑपरेशनल स्ट्रक्चर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के संबंध में निर्देश दिए कि टनल की लोड बियरिंग कैपेसिटी की आईआईटी रुड़की या इसी तरह के उच्च तकनीकी संस्थान से जांच कराएं। मुख्य सचिव ने युकाडा के महानिदेशक को राज्य में एयर कनेक्टिविटी के विस्तार से संबंधित किए जा रहे विभिन्न कार्यों की वर्तमान स्थिति का विवरण अगली बैठक में प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

**पंचायत आपत्ति पिथौरागढ़**

पिथौरागढ़ जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य के पदों की आपत्तियों की जनसुनवाई जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। उन्होंने बताया कि आपत्तिकर्ताओ को जिला प्रशासन ने प्रोजेक्टर के माध्यम से स्क्रीन में आकड़ों को प्रदर्शित कर संतुष्ट किया। गौरतलब है कि जिले के आठ विकासखंडों में विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने कुल 268 आपत्तियां दर्ज कराईं।

**योग पौड़ी**

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पौड़ी गढ़वाल में थलीसैंण ब्लॉक मुख्यालय के आयुष्मान आरोग्य केंद्र ढौंड और राहु मंदिर पैठाणी परिसर में 'वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम पर विशेष योग जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से संतुलित व स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया गया।